## महत्वपूर्ण एवं खास

### कसडोल क्षेत्र में बरात से भरा पिकअप वाहन पलटा, 6 लोगों की मौत

**कसडोल।** कसडोल के ग्राम सेल से बारात लेकर वापस लौट रही पिकअप गाड़ी के पलटने से छह लोगों की मौत हो गई वहीं 15 से 20 लोग घायल हो गए। इन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक विकासखंड के ग्राम पंचायत रिकोकला से कसडोल के समीपस्थ ग्राम पंचायत सेल के डड़सेना (जायसवाल) परिवार में बारात आई हुई थी। रात करीब आठ बजे वापस पिकअप सोल्ड गाड़ी में 35 से 40 लोग लौट रहे थे। तभी ग्राम अमोदी-डेराडीह के पास अंधी मोड़ में पिकअप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटते हुए गड्ढे में जा गिरी। मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई वहीं एक की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घायलों को 108 संजीवनी एक्सप्रेस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल पहुंचाई। जहां डॉक्टर ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की। करीब 15 से 20 घायलों का इलाज चल रहा है।

### बेटी की विदाई के बाद जमकर पी शराब, फिर कर लिया आत्मदाह

**भिलाई/।** बीती रात विवाहिता ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की रात को ही मृतका ने अपनी बेटी की विदाई की थी। इसके बाद परिवार के लोगों के साथ बैठकर शराब पी। रात तीन से पांच बजे के बीच खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा लिया। अमलेश्वर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। टीआइ मंजूलता राठौर ने बताया कि पाहंदा निवासी जगदीश निषाद की पत्नी पुन्नी बाई(45) ने गुरुवार के तड़के करीब चार बजे आत्मदाह की ली। बुधवार की रात को मृतका ने अपनी बेटी की विदाई की थी। उन्होंने बताया कि शादी के बाद परिवार के सभी लोगों ने शराब पी थी। मृतका भी शराब पीती थी। रात में उसने भी शराब पी और उसके बाद आत्महत्या कर ली। टीआई मंजूलता राठौर ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि विवाह के दौरान भी किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था। वहीं परिजन भी इस घटना के कारण के बारे में नहीं बता पा रहे हैं।

### पड़ी गर्मी की मार, ग्रामीण इलाकों में शुरू हुई पानी की किल्लत, लोग हुए परेशान

**पत्थलगांव।** गर्मी की शुरूवात होते ही शहर के अलावा ग्रामीण तबका मे भी पीने के पानी की किल्लत विकराल रुप ले लेती है। आस-पास के ग्रामीण ईलाको में पीने का पानी के स्त्रोत या संसाधन बेहद अल्प मात्रा मे रहने के कारण प्रतिवर्ष लोगो को पानी की जदोजहद से गुजरना पड़ता है। इन दिनों पीने के पानी की समस्या शहर के वार्ड में भी बनी हुई है। लेकिन इनसे कहीं अधिक समस्या ग्रामीण तबका में देखने को मिल रहीं है। तमता के केरानाखा पारा के ग्रामीण लंबी दूरी तय करने के बाद खेत में बनी ढोड़ी का पानी लाकर पीने को मजबुर है। ग्रामीण ढोड़ी का पानी मजबुरी मे पी तो जरूर रहे हैं। लेकिन इनके सामने गंदे पानी फैलने वाली संक्रामक बिमारी का खतरा भी मंडरा रहा है। इन ग्रामीणो का कहना है कि दुषित पानी का सेवन करने के बाद इन्हे संक्रमित बिमारीयों की चपेट मे आना पड़ सकता है। केरानाखा के सुकरू उरांव ने बताया कि इस मौहल्ले के अलावा आस-पास के अनेक पारे टोले मे भी पीने के पानी की समस्या गंभीर रूप ले लिया है। उनका कहना है कि प्रत्येक वर्ष गर्मी की शुरूवात के साथ ही कुंआ तालाब पूरी तरह सुख जाते हैं।

### पार्कों से बच्चों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध संसाधन हो जा रहे हैं गायब

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय जशपुर में बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत सीमित साधन मौजूद है। शहर के महाराजा चौक के पास सती उद्यान और सिटी कोतवाली के पास बाल साहेब देशपांडे बाल उद्यान मौजूद है। वहीं तीसरा दरबारी टोली में हनुमान मंदिर में पास भी एक पार्क का निर्माण कराया गया है। शहर में मौजूद तीन पार्को में से दो पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं है। सती उद्यान शहर का सबसे पुराना और धार्मिक महत्व से जुड़ा हुआ पार्क है। विशेष अवसरों पर यहां पूजा का आयोजन किया जाता है। शहर के हृदय स्थल पर स्थित इस पार्क में बारह महिने चहल-पहल बनी रहती है। शहरवासियों का इस पार्क से जुड़ाव को देखते हुए नगरपालिका ने तकरीबन 3 साल पहले इसका जीर्णोद्वार भी किया था, लेकिन सही तरीके से देखरेख ना होने से यह बदहाल हो रही है।

### अब ऑनलाईन जारी होगा पक्षकारों को समन, जिला जज ने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों में लेट-लतीफी पर लगेगी रोक

**जशपुरनगर।** जिला न्यायालय जशपुर द्वारा अब पक्षकारों को ऑनलाईन समन जारी होगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वेबपोर्टल के ऑनलाईन संचालन के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सहित जिले के अन्य न्यायालयों के कर्मचारियों को आज यहां गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जशपुर के जिला न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि पक्षकारों को एन स्टेप वेबपोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन सम्मन जारी किया जाएगा। इसकी तामीली की ट्रैकिंग भी ऑनलाईन की जाएगी। इस कारण अब सम्मन की तामीली में लेट-लतीफी एवं किसी भी तरह की गफलत नहीं हो सकेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि सम्मन की तामील करने वाले आदेशिका वाहकों को हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा एण्ड्रायड मोबाईल भी दिया गया है और एन स्टेप एप्लिकेशन को संचालित करने की ट्रेनिंग भी दी गई है।

# राज्य सरकार ने 171 करोड़ रुपये का आवंटन किया जारी

**रायपुर।** शिक्षाकर्मियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब शिक्षाकर्मियों को वेतन का मोहताज नहीं रहना होगा। राज्य सरकार ने वेतन मद में शिक्षाकर्मियों के लिए 171 करोड़ रुपये जारी कर दिये हैं।

डायरेक्टर पंचायत ने वेतन का आवंटन जारी कर कहा है कि ये आवंटन सिर्फ और सिर्फ वेतन मद के लिए होगा, इससे एरियर्स का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। आदेश में साफ किया गया है कि ये राशि शिक्षाकर्मियों के वेतन मद 2019-20 के लिए जारी की गयी है। आपको बता दें कि वेतन आवंटन के लिए लगातार आवाज बुलंद हो रही थी, अंदर ही



अंदर शिक्षाकर्मियों में नाराजगी भी झलक रही थी।

आदेश में कहा गया है कि 17188.00 रु का आवंटनशर्तों के अधीन सौंपा जाता है। जिनमे उस आबंटन का अग्रिम रूप से आहरण नहीं किया जाएगा। प्रत्येक महीने वेतन भुगतान के लिए आवश्यक राशि एजुकेशन पोर्टल में दर्ज शिक्षक पंचायत के सत्यापित डांटा के आधार पर और वास्तविक गणना अनुसार आहरण किया जाएगा। इस राशि का उपयोग किसी भी प्रकार के एरियर के भुगतान के लिए नहीं किया जाएगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष के वेतन भुगतान के लिए ही उपयोग किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पहले जारी दिशा-निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित किया जाए। आहरण/भुगतान और पुनरबंटन प्रचलित प्रक्रिया अनुसार किया जाए और हर महीने की 5 तारीख तक लोक शिक्षण संचालनालय और पंचायत संचालनालय को व्यय का विवरण भेजा जाए।

## तीसरे नहीं हुई डीजे संचालक की जमानत

**जांजगीर।** नियम विरूद्ध देर रात तक बारात में डीजे बजाना संचालक को मंहगा पड़ गया। तीसरे दिन भी उसकी कोर्ट में जमानत नहीं मिली। आखिरकार उसका पूरा डीजे सिस्टम थाने के सुपुर्द है। संचालक की आफत तब और बढ़ गई जब इन दिनों लगातार छुट्टी होने के कारण आने वाले तीन दिन और जमानत नहीं होने के आसार हैं।

रात को 10 बजे के बाद बारात में डीजे बजा रहे हैं तो डीजे संचालकों के लिए यह बड़ी सबक है। रात दस बजे के बाद डीजे बजाया तो लंबे समय के लिए आपके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। जिसके चलते उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। कुछ ऐसे ही हालात मंगलवार की रात हो लिंक रोड में पैदा हुए। दरअसल, लिंक रोड जांजगीर में रात को 10.50 बजे तक ऊंची आवाज में संचालक जाटा निवासी धनेश्वर सिंह कंवर पिता मंतूराम बारात में डीजे बजा रहा था। कुछ लोगों ने उसे इतनी तेज आवाज में रात 10 बजे तक डीजे बजाने से मना किया, लेकिन वह नियम में होने की बातें करता रहा, लेकिन किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस के अलावा एसपी पारूल माथुर को दे दी। एसपी पारूल माथुर हरकत में आई और डीजे संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए कोतवाली थाने को आदेश दिया। पुलिस तत्काल लिंक रोड पहुंची और तेज आवाज में बज रहे डीजे साउंड सिस्टम को बंद कराते हुए पिकअप, 6 नग साउंड बाक्स, दो एम्प्लीफायर, एक जनरेटर व एक लैपटॉप जब्त कर लिया।

## बिजली बिल वसूलने में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को आया पसीना

**रायपुर।** सरकार के बिजली हाफ योजना के फेर में उपभोक्ताओं ने इस साल अच्छा खासा बिजली बिल अटका दिया है। दरअसल, सरकार इस वित्तीय वर्ष में बिजली हाफ करने की चुनावी घोषणा की थी, लेकिन इसमें में भी शर्तें लागू कर दी। जिससे उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है और बिल पटाने में कोताही बरतने लगे। जिसके चलते भारी भरकम बिजली बिल अधर में लटक गया। एक ओर पारा जहां 43 पार होने की कगार में है तो वहीं इस भीषण गर्मी में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को बिजली बिल की वसूली में पसीना आ गया है। विभाग को




मार्च अंतिम तक पौने तीन अरब का बिजली बिल वसूल करना था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मात्र 33 करोड़ का ही बिजली बिल वसूल पाए। अब भी विभाग को एक अरब 37 करोड़ की बिजली बिल वसूल करनी है, जिसके लिए विभागीय कर्मचारी घर-घर दस्तक देते हुए पसीना बहा रहे हैं, लेकिन उन्हें सरकार की चुनावी घोषणा के तर्कों का जवाब देने में पसीना आ रहा है।

दरअसल सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष में बिजली बिल हाफ करने की घोषणा की थी, लेकिन उपभोक्ता यही सोच रहे थे कि उनका पुराना बिजली बिल हाफ होगा, लेकिन ऐसा नहीं है, लेकिन चुनाव के बाद सरकार यह दलील दी कि आगामी वित्तीय वर्ष में उपभोक्ता जो बिजली उपयोग करेंगे उसमें बिल हाफ होगा। इतना ही नहीं यह बिल उन उपभोक्ताओं का हाफ होगा जो उपभोक्ता पुराना बकाया बिल चुक्ता करेंगे। इसके चलते उपभोक्ताओं ने बिजली बिल लटका दिया।

गौरतलब है कि फरवरी 2019 की तारीख तक विभाग का एक अरब 70 करोड़ 95 लाख 67 हजार का बिल बकाया था। लक्ष्य के मुताबिक विभाग ने मार्च अंतिम तक मात्र 33 करोड़ 53 लाख 67 हजार 967 रुपए का ही बिजली बिल वसूली कर पाई। यानी वित्तीय वर्ष के अंत तक विभाग को 1 अरब 37 करोड़ 41 लाख 99 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है।

## आरपीएफ जवान चुनाव ड्यूटी व छुट्टी पर, ट्रेन स्कार्टिंग बंद

**बिलासपुर।** रेलवे में एक बार फिर आरपीएफ स्टाफ की कमी के चलते ट्रेनों की स्कार्टिंग प्रभावित हो गई है। अभी हालत है यह कि पिछले कुछ दिनों से जांच पूरी तरह बंद है। स्कार्टिंग के लिए आरपीएफ के पास जवान नहीं हैं। करीब आठ से 10 जवानों की चुनाव ड्यूटी लगा दी गई है। वहीं करीब 12 से 15 अवकाश पर हैं। बचे जवान 23 बीट पर ड्यूटी में तैनात हैं। ट्रेनों में स्कार्टिंग की कमान आरपीएफ संभालती है। जीआरपी में स्टाफ की इतनी कमी है कि कभी-कभी ही सर्चिंग के लिए भेजा जाता है।



अब आरपीएफ की स्कार्टिंग बंद होने से ट्रेनें और इसमें सफर करने वाले यात्री पूरी तरह असुरक्षित हो गए हैं। जबकि 20 से 24 कोच की इन ट्रेनों हजारों की संख्या में यात्री भारी भरकम लगेज के साथ यात्रा करते हैं। इसी भीड़ का फायदा उठाकर अपराधी बड़ी आसानी से अपराध कर रफूचक्कर हो जाते हैं। नियमित सर्चिंग होने से अपराध नियंत्रण पर रहता है और अपराधी चाहकर भी घटना को अंजाम देने से कतराते हैं। स्थिति संवेदनशील होने के बाद भी स्टाफ की कमी के चलते अचानक स्कार्टिंग बंद करने से अपराध होने की आशंका बढ़ गई है। खासकर ऐसी ट्रेनें जो रात में गुजरती हैं।

## चोरी के दो आरोपियों से बड़ी मात्रा में कोयला जब्त

**जांजगीर।** रेलवे ट्रेक पर मालगाडियों से कोयला चोरी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रेलवे क्षेत्र के लोग आउटर में कोयले से लदी मालगाडियों से कोयले की चोरी करते हैं और इस कोयले को औने-पौने दामों में बिक्री करते हैं। इस तरह का काला कारोबार जिले में फलफूल रहा है। जिस पर नकेल कसते हुए एसपी पारूल माथुर ने कड़े कदम उठाए हैं। बीते दो दिन के भीतर पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई की है।

पहली कार्रवाई नैला में हुई तो दूसरी कार्रवाई गुरुवार को अकलतरा थाने में हुई है। अकलतरा पुलिस ने ऐसे दो आरोपियों को रंगे हाथ पकडने में सफलता मिली है। इन आरोपियों



से एक ट्रैक्टर में 10 क्विंटल चोरी का कोयला रखा हुआ मिला। अकलतरा पुलिस के मुताबिक कोटमीसोनार के रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे कोटमीसोनार भाटापारा निवासी लक्ष्मी चंद लहरे एवं मनीराम धैर्य को ट्रैक्टर बिना नंबर महिंद्रा मय ट्राली में रखा 10 क्विंटल कोयला जब्त किया है। कोयले की कीमत पांच हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। इसी तरह बुधवार को नैला पुलिस ने गौतम सिंह सिदार पिता समार सिंह एवं एक अन्य युवक के कब्जे से एक ट्रैक्टर चोरी का कोयला जप्त किया था।

## सार्वजनिक कुओं की सफाई अभियान के दावे की खुली पोल

**जशपुर।** नगरपालिका के द्वारा सार्वजनिक कुओं की सफाई अभियान के दावे की पोल बुधवार को खुल गई। तेली टोली मोहल्ले में हनुमान मंदिर के पास स्थित कुंआ की सफाई नगर पालिका के द्वारा नहीं किए जाने के पर मोहल्ले लोगों ने स्वंय से पंप लगा कर कुआं की साफ-सफाई किया गया।

मोहल्लेवासियों के द्वारा कुआं की सफाई कर नगर पालिका की पोल खोलकर रख दी है। नगर में पेयजल और निस्तार की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देष्य से जिला प्रशसन के द्वारा पुराने और मृतप्राय हो चुके कुओं की साफ-सफाई कर उन्हें उपयोगी बनाने का विशेष अभियान मार्च में माह में शुरू किया गया था। जशपुर नगरपालिका क्षेत्र में 48 सार्वजनिक कुओं में से 25 ऐसे कुएं चिन्हित किए गए थे जो देखरेख और साफ-सफाई के अभाव में अनुपयोगी हो गए थे।

इनकी साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत के बाद इन्हें पेयजल एवं निस्तार के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है। कलक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लोगों को पेयजल और निस्तार के लिए जल की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन कुओं की साफ-सफाई और क्लोरीनेशन कराया जाएगा ताकि लोग इसका उपयोग कर सकें। कलक्टर के निर्देश के बाद नगर पालिका के द्वारा शहर के कई कुंओ की सफाई अभियान शुरु किया गया था।

## करणी सेना का प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर साथियों के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** मारपीट, वसूली और चमकी-धमकी के मामले में पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर उर्फ रूबी, उसके भाई रोहित सिंह तोमर सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तोमर बंधु के अलावा अन्य दो आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है. आरोपी सराफा व्यापारी को 5 लाख रुपए का कर्ज देकर प्रतिदिन 5 हजार रुपए के हिसाब से ब्याज वसूली कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी जय कुमार बदलानी ने पैसे की आवश्यकता होने पर आरोपियों से ब्याज में रकम ली थी. आरोपियों ने धीरे-धीरे प्रार्थी से दोस्ती कर उसकी मौज-मस्ती का वीडियो बनाने की बात



कहते हुए ब्लैकमेलिंग करते हुए रुपयों की मांग करने लगे. प्रार्थी के रुपयों की व्यवस्था नहीं होने की बात कहने पर आरोपी उसे ऊंचे ब्याज दर पर रकम उधार देने लगे. 5 लाख रुपए के मूलधन पर आरोपी प्रार्थी से एक करोड़ रुपए से अधिक की ब्याज वसूली कर चुके थे। प्रार्थी द्वारा अपनी व्यथा उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बताने पर कोतवाली थाना में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई. आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में भी न्यू राजेन्द्र नगर थाना में रकम वसूली के नाम पर डरा धमकाकर उत्पीड़न का मामला दर्ज हो चुका है. वहीं आरोपी रूबी तोमर के विरूद्ध टिकरापारा थाना में पूर्व में धारा 302 भादवि का भी मामला दर्ज हुआ था।

## जब बाजे-गाजे के साथ घोड़ी में सवार दूल्हा पहुंचा मतदान केन्द

**धमतरी।** लोकतंत्र के पर्व में हर एक वोट महत्वपूर्ण रहता है. अब इसकी अहमियत लोगों को समझ में भी आने लगी है. आज छत्तीसगढ़ के भीतर इसके कई नजारे देखने को मिले. जहां बुजुर्गों से लेकर बीमार और शादी की रस्मों रिवाज के बीच से युवा मतदान करने पहुंचे. ऐसा ही नजारा धमतरी जिले में भी देखने को मिला. धमतरी जिले का एक बड़ा हिस्सा महासमुंद लोकसभा सीट और कुछ हिस्सा कांकेर लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। दोनों ही लोकसभा सीट के लिए जिले में मतदाताओं के भीतर खासा उत्साह रहा. यहां शादी के बंधन में बंधने जा रहे दुल्हा-दुल्हन मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया. सदर उत्तर वार्ड मतदान केन्द्र में एक नवविवाहित जोड़ा बाजे-गाजे के साथ मतदान करने पहुंचा।